संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/1216 भोपाल, दिनांक 24.07.2020

प्रति,

संचालक
आयुष विभाग,
सतपुडा भवन, भोपाल।

**विषयः– कोविड–19 के भर्ती मरीजों को एलोपैथी के साथ होम्योपैथी चिकित्सा प्रदान बाबत्।**

**संदर्भः– सदस्य वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, (भारत सरकार) का पत्र दिनांक 26.04.2020।**

कृपया संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उन्होंने अवगत कराया है कि प्रदेश में कोविड–19 के संक्रमित मरीजों की संख्या सख्ती के बाद भी दिन–प्रतिदिन बढती जा रही है। ऐसे मरीज जो विगत 15–20 दिनों से अस्पताल में भर्ती है, उन्हें एलोपैथी चिकित्सा के साथ–साथ होम्योपैथी चिकित्सा की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने वाली दवाईयॉ दी जाय तो उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार होगा। हाम्योपैथी दवाईयॉ हानिरहित एवं प्रभावकारी है। देश के हाम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा अनेक असाध्य बीमारियों का सफल इलाज किया जा रहा है।

चूँकि संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें की विभागीय तकनीकि समिति के सभी सदस्य ऐलोपैथी विद्या में ही पारंगत है। ऐसी स्थिति में बगैर मार्गदर्शन के कोविड–19 के भर्ती मरीजों को उपचार के दौरान एलोपैथी के साथ–साथ होम्योपैथी दवाईयॉ दी जाना संभव नहीं है।

अतः निवेदन है कि कोविड–19 के भर्ती मरीजों को एलोपैथी के साथ–साथ होम्योपैथी चिकित्सा प्रदान करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करें। ताकि कोरोना पॉजिटिव पाये गये मरीजों को उपचार के दौरान एलोपैथी के साथ–साथ होम्योपैथी दावाईयॉ भी दी जा सकें। जिससे कि कोविड–19 की बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

**(डॉ. वीणा सिन्हा)**
अपर संचालक (आईडीएसपी)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्य प्रदेश

पृ. क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/1217 भोपाल, दिनांक 24.07.2020

प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. मुख्य मंत्री कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, मंत्रालय वल्लभ भवन की ओर उनके पत्र क्रमांक/10942/सीएमएस/पीयूबी/2020 दिनांक 15.05.2020 के संदर्भ में।

02. डॉ. ए.के. द्विवेदी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री, एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) की ओर उनके पत्र दिनांक 24.06.2020 के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

अपर संचालक (आईडीएसपी)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्य प्रदेश

ए.के. द्विवेदी
H.M.S., M.D., M.B.A., Ph.D.
सदस्य, वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड
केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद
आयुष मंत्रालय (भारत सरकार)
E-mail: drakdindore@gmail.com

प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री
एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज
विजय नगर, इंदौर-452010 (म.प्र.)
मो.: 98260-42287, 94240-83040

15/5/2020

प्रति,

**माननीय श्री शिवराजसिंह चौहान जी,**
मुख्यमन्त्री,
म.प्र. शासन, भोपाल

**विषयः– कोविड19 के भर्ती मरीजों को एलोपैथी के साथ होम्योपैथी चिकित्सा प्रदान करने बाबत्।**

**माननीय महोदय,**

विषयान्तर्गत निवेदन है कि, प्रदेश में कोविड19 के संक्रमित मरीजों की संख्या सख्ती के बाद भी दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य सुधार का प्रतिशत भी प्रयास की अपेक्षा नहीं है। गम्भीर चिन्तन का विषय यह भी है कि, संक्रमण का क्षेत्र भी निरन्तर बढ़ रहा है, ग्रीन झोन घोषित क्षेत्रों में भी यदा–कदा संक्रमण की पुष्टि हो रही है। यदि संक्रमण की गति इसी तरह बढ़कर ग्रामीण क्षेत्र में पहुँच गयी तो गम्भीर समस्या हो सकती है। ऐसी परिस्थिति में और अधिक सख्ती बरतने की आवश्यकता है।

महोदय, ऐसे मरीज जो विगत 15–20 दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें एलोपैथी चिकित्सा के साथ–साथ होम्योपैथी चिकित्सा की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाईयाँ दी जाय तो उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार होगा। होम्योपैथी दवाईयाँ हानिरहित एवं प्रभावकारी हैं। देश के होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा अनेक असाध्य बीमारियों का सफल इलाज किया जा रहा है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि, देश के विभिन्न अस्पतालों में कोविड19 के भर्ती मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सकों की देखरेख में होम्योपैथी की दवाईयाँ दिलाये जाने की कृपा करें। जिससे मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घर जायेंगे व संक्रमितों की संख्या में कमी आयेगी।

दिनांकः 26.04.2020

संलग्नः–

1. पूर्व में प्रेषित पत्रों की छायाप्रति।

भवदीय

**डॉ. ए.के. द्विवेदी**
मोबा. 9826042287

**क्लीनिक**: मयंक अपार्टमेंट (ग्राउंड फ्लोर), मनोरमागंज, गीता भवन चौराहा से गीता भवन मंदिर रोड, इंदौर (म.प्र.)
हेल्पलाईनः 99937-00880, 90980-21001, फोनः 0731-4064471, क्लीनिक का समयः सोमवार से शनिवार शाम 5 से 9, रविवार सुबह 11 से 2 तक
**निवास**: 22–ए, सेक्टर–बी, बख्तावर राम नगर, तिलक नगर पोस्ट ऑफिस के सामने, इंदौर - 452018
***Visit us at:*** *www.sehatevamsurat.com, www.homeopathyclinics.in*